आकाशवाणी केन्द्र शिमला
26.12.2025/प्रादेशिक समाचार/1800बजे

राष्ट्रपति – बाल पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए। इस वर्ष 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 20 बच्चों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि ये पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को प्रोत्साहित करेंगे और देश भर के बच्चों को प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साहिबजादों के अनुकरणीय साहस और बलिदान को याद करते हुए कहा कि पिछले चार साल में वीर बाल दिवस ने साहिबजादों की प्रेरणाओं और बलिदानों को युवा पीढ़ी तक पहुंचाया है। इधर प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर बाल दिवस कार्यक्रम आयोजित कर सिक्खों के 10वें गुरू श्री गुरू गोविंद सिंह जी के साहिबजादों के बलिदान को नमन किया गया।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज बिलासपुर में आयोजित एंटी चिट्टा वॉकथॉन का नेतृत्व किया। इस अवसर पर उन्होंने वॉकथॉन में मौजूद स्कूली विद्यार्थियों सहित बड़ी संख्या में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि चिट्टे के खिलाफ आज पूरा हिमाचल एकजुट होकर खड़ा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल का हर युवा इस लड़ाई में डटकर भागीदारी निभा रहा है और हिमाचल जीतेगा–चिट्टा हारेगा का नारा आने वाले बदलाव की आहट है। इस अवसर पर नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बिलासपुर में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं के शिलान्यास भी किए।

कुलदीप पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि प्रदेश सरकार गुणवत्तायुक्त शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत है। चंबा ज़िला के चुवाड़ी में एक निजी स्कूल के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने ये बात कही। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रस्तावित चुवाड़ी जोत सुरंग के निर्माण को लेकर फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार हो गई है और निर्माण कार्य बी.ओ.टी. के आधार पर पूरा करवाया जाएगा। इस दौरान उन्होंने स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया।

चंद्र कुमार

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने सरकारी स्कूलों में घटती छात्र संख्या पर आत्म चिंतन करने का अध्यापकों से आह्वान किया है। ज्वाली विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरियाल के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान की पहचान शिक्षकों की भूमिका से तय होती है। उन्होंने शिक्षकों को आधुनिक व तकनीकी युग के अनुसार अपनी शिक्षण पद्धतियों में समयानुसार परिवर्तन करने को कहा। इस दौरान चंद्र कुमार ने विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए।

## रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि पिछले 3 वर्षों में कांग्रेस सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया है। वे आज जुब्बल क्षेत्र में एक करोड़ 46 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरथाटा के लोकार्पण अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस स्वास्थ्य केंद्र के बनने से बरथाटा, कठासू और बढ़ाल पंचायतों के लोगों को लाभ होगा। रोहित ठाकुर ने कहा कि जुब्बल–नावर–कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में इस समय 11 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण कार्य जारी है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा न्यूज़ीलैंड से आयात होने वाले सेब पर आयात शुल्क कम करने से हिमाचल के बागवानों को नुकसान होगा।

## नियुक्तियां

प्रदेश भाजपा ने संगठन को मज़बूत करने की दिशा में विभिन्न प्रकोष्ठों में प्रदेश व ज़िला स्तर पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा कर दी है। इनमें प्रदेश भाजपा पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ, गौवंश, व्यापार, शिक्षक व पंचायतीराज प्रकोष्ठों में पदाधिकारियों को ज़िम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस बीच प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी व पदाधिकारियों की भी घोषणा कर दी गई है। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संजीव देष्टा ने बताया कि ये सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी।

---